प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन में आयोजित आर्ट एवं क्राफ्ट प्रदर्शिनी में सम्मिलित हुए भाषा विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्राएँ, राज्यभवन में 17-18 अक्टूबर को आयोजित ‘ दो दिवसीय आर्ट एवं क्राफ्ट प्रदर्शिनी एवं कार्यशाला’ में सम्मिलित हुए। आज प्रदर्शनी के दूसरे दिन माननीय राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदी बेन पटेल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं । उन्होंने छात्राओं द्वारा तैयार की गई विभिन्न कलाकृतियों का संपूर्ण विवरण लिया एवं उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों से वार्ता करते समय छोटे स्टार्टअप को बढ़ावा देने की बात भी कही। इस कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं ने रद्दी कागजों से वॉल हैंगिंग, गमला, प्लेट, डलिया, अभूषण आदि चीजें बनाना सीखा। इसके साथ ही उन्होंने साड़ी पर पेंटिंग करने की कला भी सीखी।

इस कार्यक्रम में विश्विद्यालय की छात्राओं गौरी, पूजा, श्रेया, पुष्पांजलि, लक्ष्मी, अंजू, काजल, शालू आदि के साथ डॉ० रूचिता सुजय चौधरी, विषय प्रभारी, पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग एवं सीओओ, अवध इनक्यूबेशन फाउंडेशन , डॉ० नलिनी मिश्रा, समन्वयक महिला अध्ययन केन्द्र, ले॰डॉ० बुशरा अल्वेरा, ए० एन० ओ० – एन० सी० सी०, डॉ० पूनम चौधरी, कार्यक्रम अधिकारी - एन० एस० एस० की ने भी प्रतिभाग किया।

डॉ तनु डंग

मीडिया प्रभारी

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय

लखनऊ